Roll No. ........................

(12/24)

# 5582

## B. A. (General) EXAMINATION

(Third Semester)

(For Batch 2011 & Onwards)

HINDI

(Compulsory)

*Time : Three Hours* *Maximum Marks* : 80

**नोट** : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2×6=12

(क) सन्देश यहाँ मैं नहीं स्वर्ग का लाया,
इस भूतल को ही स्वर्ग बनाने आया ।
अथवा आकर्षण पुण्यभूमि का ऐसा,
अवतरित हुआ मैं आप उच्च फल जैसा ।

(ख) जो घनीभूत पीड़ा थी
मस्तक में स्मृति-सी छायी
दुर्दिन में आँसू बनकर
वह आज बरसने आयी ।

(ग) क्या अमरों का लोक मिलेगा
तेरी करुणा का उपहार
रहने दो हे देव ! अरे
यह मेरा मिटने का अधिकार ।

(घ) दूँगा मैं ।
नहीं, नहीं हिचकूँगा
कि मेरी अकिंचनता अनन्य है
कि मैं ऐसा हूँ कि मानो हूँ ही नहीं
हाँ, नहीं हिचकूँगा
कि तुम्हें तृप्त कर पाऊँ : मुझ में सामर्थ्य कहाँ
कि अपने को निःस्व कर के भी
तुम्हें बाँध नहीं पाऊँगा ।

2. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' **अथवा** महादेवी वर्मा का साहित्यिक परिचय दीजिए । 8

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **150-150** शब्दों में लिखिए : 4×4=16

(क) मैथिलीशरण गुप्त की राष्ट्रीय चेतना का उल्लेख कीजिए ।

(ख) प्रसाद की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए ।

(ग) 'बादल राग' कविता का उद्देश्य लिखिए ।



(घ) महादेवी वर्मा के काव्य की संवेदना स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) 'कुरुक्षेत्र' काव्य के नायक कौन हैं ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

(च) 'आने वालों से एक सवाल' कविता का भाव लिखिए ।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8+8

(क) रीतिकालीन काव्य की उपलब्धियाँ

(ख) रीतिकाल का नामकरण

(ग) रीतिकालीन हिन्दी कविता की पृष्ठभूमि

(घ) रीतिबद्ध और रीतिमुक्त में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर लगभग **150-150** शब्दों में लिखिए : 5+5

(क) रीतिमुक्त काव्य की **दो** विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

(ख) रीतिकाल की राजनीतिक और धार्मिक परिस्थितियाँ लिखिए ।

(ग) ''रीतिकालीन काव्य में ब्रजभाषा की प्रधानता है ।'' स्पष्ट कीजिए ।

(घ) बिहारी जी का जीवन परिचय सार रूप में लिखिए ।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **150-150** शब्दों में लिखिए : 5+5

(क) कम्प्यूटर का महत्त्व लिखिए ।

(ख) मशीनी अनुवाद पर प्रकाश डालिए ।

(ग) अनुवाद को **पाँच** उपरिभाषाएँ लिखिए ।

(घ) अनुवाद के प्रकार पर प्रकाश डालिए ।

7. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8×1=8

(क) 'पवनदूती' काव्य किस मूल ग्रन्थ से लिया गया है ?

(ख) इड़ा ने कौनसे रंग के वस्त्र धारण किए हुए थे ?

(ग) डॉ. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने रीतिकाल को क्या नाम दिया था ?

(घ) बिहारी के आश्रयदाता कौन थे ?

(ङ) रीतिमुक्त काव्यधारा के प्रतिनिधि कवि का नाम लिखिए ।

(च) अपनी पाठ्य-पुस्तक (हिन्दी) का नाम लिखिए ।

(छ) WWW का पूरा नाम लिखिए ।

(ज) कम्प्यूटर कितने प्रकार के होते हैं ?